54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 15.8°c अधिकतम 30.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:38, सूर्यास्त - 6:22 | वर्ष : 54/ अंक : 64 | शनिवार, 07 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

अनुभव की भट्टी में जो तपते हैं, दुनिया के बाजार में वही सिक्के चलते हैं।

ईरान-अमेरिका और इजरायल के बीच छिड़ी जंग की कीमत भारत को भी चुकानी पड़ेगी : राहुल गांधी



विदेशों का दौरा कीजिये.... शान्ति की अपील कीजिये......

# नाले में मृत अवस्था में मिला गुरुवार से गायब 6 वर्षीय मासूम 'विराट'



मुजफ्फरनगर, 6 मार्च (बु.)। गुरूवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के नदी रोड पर प्राचीन देवी मन्दिर के वार्षिक उत्सव के दौरान एक 6 वर्षीय बच्चा गायब हो गया था। उक्त बच्चे की खोया सूचना बुलेटिन सोशल मीडिया के माध्यम से भी चलाई गयी थी, मगर किसी ने बच्चे की कोई सूचना नहीं दी थी। बाद में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बच्चे की तलाश में जुटी और शुक्रवार की शाम जाकर बच्चे का शव नाले में मिला। आपको बता दें कि गौशाला का रहने वाला शिवकुमार केयर टेकर का काम करता है। गुरूवार को शिवकुमार का छह वर्षीय बेटा विराट मां के मंदिर में वार्षिकोत्सव मेले में गया हुआ था। शाम 7 बजे तक जब बच्चा वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी, जिसकी जानकारी शिवकुमार ने शहर कोतवाली पुलिस को दी। देर रात तक जब बच्चे का कोई अता-पता नहीं लगा तो इसकी सूचना सोशल मीडिया पर चलवाने के साथ-साथ पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया, मगर देर रात तक कोई सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को बच्चे का शव नाले में पड़ा मिला। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया यही माना जा रहा है कि बच्चे का पैर फिसल जाने के कारण वह नाले में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि बच्चे के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं। फिलहाल परिजनों ने बच्चे के पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया है। हादसे से परिवार में कोहराम मचा है।

## स्कूटी स्लिप होने से युवक का सिर सड़क में लगा, मौत

मुजफ्फरनगर, 6 मार्च (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना प्रभारी शहर कोतवाली बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि गांव बामनहेड़ी निवासी अनिल उर्फ छोटू स्कूटी से सवार होकर शहर से गांव की ओर जा रहा था। रास्ते में उसकी इलेक्ट्रानिक स्कूटी स्लिप हो गयी, जिससे उसका सिर में सड़क में लग गया। हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायलावस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# फिर एक बार जनपद में पहुंचा 8 फुट का करण एआरटीओ विभाग में सब लगने लगे बौने

मुजफ्फरनगर, 06 मार्च (बु.)। मुजफ्फरनगर के ही रहने वाले 8 फुट से अधिक की लम्बाई के करण एक बार फिर जब शहर में एआरटीओ कार्यालय किसी काम से पहुंचा तो उसे देखकर फिर एक बार सब आश्चर्यचकित रह गए। अमिताभ बच्चन से भी लम्बे कद के मुजफ्फरनगर के खतौली तहसील क्षेत्र के गांव भंगेला-भायंगी निवासी करण सिंह पुत्र संजय राठी शुक्रवार को अपने ड्राइविंग लाइसेंस से सम्बंधित कार्य के लिए एआरटीओ ऑफिस पहुंचे थे। जैसे ही करण ने दफ्तर में कदम रखा, वहां मौजूद हर शख्स उनकी लंबाई देखकर हैरान रह गया। करण सिंह की लंबाई इस कदर चर्चा का केंद्र बनी कि कार्यालय के कर्मचारियों से लेकर वहां आए आम नागरिकों तक, हर कोई उनके साथ फोटो खिंचवाने को बेताब दिखा। कई विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी काम के बीच समय निकालकर करण के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। खुद एआरटीओ अजय मिश्रा ने युवक से बातचीत की और उनके बेहतर स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। "इतनी लंबाई अमूमन देखने को नहीं मिलती। करण को देखकर लगा जैसे कोई इंटरनेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी सामने खड़ा हो।"

**महेंद्र बाबू, एआरटीओ कार्यालय।**



## मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने वर्धमान हॉस्पिटल में लिया था करण का साक्षात्कार

मुजफ्फरनगर। बुलेटिन द्वारा इससे पहले 8 फुट से भी अधिक लम्बे करण सिंह का साक्षात्कार लिया जा चुका है। तब करण सिंह अपनी माता के ऑपरेशन के लिए डॉ. मुकेश जैन के वर्धमान हॉस्पिटल पहुंचे थे। बुलेटिन ने अपने चटपटे सवालों में पूछा था कि आखिर उनकी पेंट कितने मीटर कपड़े में बनती है और चप्पल बनवाने के लिए कौन से मौची के पास उन्हें जाना पड़ता है, जब करण ने बताया था कि ऐसा मानों कि उसकी पेंट में लगभग ढाई से तीन मीटर कपड़ा लगता है और उसके पैरों में लगभग आम आदमी से दो गुने नम्बर की चप्पलें आती हैं, जिसके लिए उसे एक विशेष मौची के पास माप देकर आना पड़ता है। करण ने बताया था कि उसकी इच्छा है कि वह एक शानदार खिलाड़ी बने, जिसके लिए वह लगातार प्रयासरत है। आज शुक्रवार को भी जब करण एआरटीओ पहुंचा तो विभागीय कर्मियों में हलचल तो मच ही गयी साथ ही साथ कार्यालय के कर्मियों के दिल में नए नए सवाल खड़े हुए कि आखिर करण को भोजन में कितनी खुराब चाहिए और करण गाड़ी में किस तरह से बैठ पाता होगा? इन सब सवालों के जवाब तो करण ने नहीं दिए, मगर एआरटीओ कार्यालय पहुंचे करण फिर एक बार चर्चा का विषय बना रहा। लोग जब एआरटीओ कार्यालय के कर्मी जब करण के बराबर में खड़े हुए तो ऐसा लगा कि जैसे खम्भे के नीचे साईकिल खड़ी हो। बेशक बराबर में खड़े कर्मियों की मूछें बड़ी-बड़ी हों मगर करण के सामने सब बौने ही दिखाई दिये।

# आईएएस बनने के जुनून ने दिखाया आस्था को रास्ता

## ▸ आस्था जैन ने नौवीं रैंक हासिल कर किया कमाल ▸ आईपीएस रहते लगाई आईएएस की छलांग

शामली, 6 मार्च (बु.)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम में कांधला निवासी आस्था जैन ने आल इंडिया नौवीं रैंक हासिल की है। आस्था इससे पहले दो बार यूपीएससी परीक्षा दे चुकी हैं। पहली बार में वह 131वीं रैंक हासिल कर आइपीएस बनी थीं, जबकि दूसरी बार में 181वीं रैंक मिली थी। कांधला कस्बे के मुहल्ला सरावज्ञान निवासी आस्था के पिता अजय कुमार जैन की कस्बे में ही किराना और कंफेक्शनरी की दुकान है। मां हाउस वाइफ हैं। परिवार में तीन बहनें और एक भाई है। इनमें आस्था दूसरे नंबर पर हैं। बड़ी बहन डॉक्टर हैं, जबकि तीसरे नंबर की बहन भी टइइर कर रही है। आइएएस बनने का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने तीसरी बार परीक्षा दी थी। फिलहाल वह हैदराबाद में आइपीएस की ट्रेनिंग कर रही हैं। अजय कुमार जैन ने बताया कि आस्था शुरू से ही मेधावी रही हैं और उनका लक्ष्य हमेशा से आइएएस अधिकारी बनने का था। 2023 में पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 131वीं रैंक हासिल की थी, जिसके बाद उनका चयन आइपीएस



के लिए हो गया था और उनको राजस्थान कैडर मिला था। वर्तमान में वह हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रही हैं।

### तीसरे प्रयास में टाप-10 में जगह बनाई

आईपीएस बनने के बावजूद आईएएस बनने के जुनून के चलते उन्होंने हार नहीं मानी। दूसरे प्रयास में उन्हें 186वीं रैंक मिली, जिससे वे संतुष्ट नहीं हुईं। इसके बाद उन्होंने तीसरे प्रयास में टाप-10 में जगह बनाकर अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया है। आस्था की मां ममता जैन ने बताया कि बेटी ने प्रारंभिक शिक्षा कस्बे से प्राप्त करने के बाद हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई शामली के स्काटिश इंटरनेशनल स्कूल से की थी। 2019 की इंटरमीडिएट की परीक्षा में 500 में से 496 अंक प्राप्त कर देश में सीबीएसई के परिणामों में चौथा स्थान हासिल किया था। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक (बीए) की डिग्री ली और वहीं रहकर कोचिंग के साथ-साथ सेल्फ स्टडी और आनलाइन माध्यमों से तैयारी जारी रखी। आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बहन आंचल, खुशी, भाई सार्थक और अपने गुरुजनों को दिया है।

### पिता ने बांटी मिठाईयां

आस्था के चयन की सूचना मिलते ही पिता ने बाजार में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। परिणाम आने के बाद मुहल्लेवासी, स्कूल के निदेशक राजीव गर्ग समेत बड़ी संख्या में लोगों ने आस्था को फोन कर बधाई दी। वहीं, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी एक्स पर पोस्ट कर आस्था को बधाई दी है।

### यूपी के 50 से ज्यादा छात्र सिलेक्ट

यूपीएससी के फाइनल रिजल्ट में यूपी के 50 से ज्यादा छात्र सिलेक्ट हुए हैं। अमरोहा की सुरभि यादव की 14वीं, बलिया की मोनिका श्रीवास्तव की 16वीं, अलीगढ़ के विजय मुद्गल 54 और मेरठ के हर्ष नेहरा की 74वीं रैंक आई है। अंबेडकरनगर के चौकीदार के बेटे विपिनदेव यादव का भी सिलेक्शन हुआ है। उनकी 316वीं रैंक आई है। विपिनदेव ने एसएसबी इंटर कॉलेज अयोध्या से इंटर किया। इसके बाद आगे की पढ़ाई प्रयागराज में पूरी की। सिविल सर्विस एग्जाम 2025 के फाइनल रिजल्ट में 958 कैंडिडेट्स अलग-अलग सर्विसेज के लिए चयनित हुए हैं। कुल 180 कैंडिडेट्स आईएएस के लिए चयनित हुए हैं। आईएफएस के लिए 55 कैंडिडेट्स का चयन हुआ है। वहीं, 150 आईपीएस चुने गए हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर 45 वर्षीय व्यक्ति गंभीर घायल

खतौली, 6 मार्च (बु.)। गांव टबीटा रेलवे फाटक के निकट ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया



गया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव टबीटा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रेलवे लाइन के निकट गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पड़ा देख लोगों की मौक पर भीड़ जमा हो गयी। पुलिस द्वारा नागरिकों के सहयोग से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया गया। घायल की शिनात राजू (45 वर्ष) निवासी बिहार प्रदेश हाल निवासी गांव टबीटा, थाना खतौली के रूप में हुई। बताया जाता है कि राजू गांव टिटौड़ा निवासी आकाश के यहां नौकरी कर रहा था। घायल राजू को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रैफर किया है।

# विवाहिता का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला

**विवाहिता के पीहर के लोगों ने लगाया हत्या का आरोप**

बुढ़ाना, 6 मार्च (बु.)। एक विवाहिता का शव रस्सी के फंदे पर झूलता हुआ मिला, जहां ससुरालिए इसको आत्महत्या बता रहे हैं, वहीं विवाहिता के परिजनों ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में मोटी रकम नहीं दिए जाने पर हत्या का खुला आरोप लगाया है। वैसे यह आत्महत्या है या फिर हत्या इस बात की जांच बुढ़ाना पुलिस ने शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव मौहम्मदपुर मार्डन की लगभग 25 साल की रूबी कश्यप का विवाह बीती 14 फरवरी 2023 को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपुर-छाजपुर गांव के निवासी गौरव पुत्र रमेश कश्यप के साथ हुई थी। रुबी के परिजनों ने उसकी शादी में लगभग सात लाख रुपए खर्च किए थे, लेकिन आरोप के मुताबिक शादी के बाद से ही रुबी कश्यप को उसके ससुरालिए अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते चले आ रहे थे। वे अब अतिरिक्त दहेज में काफी दिनों से मोटी रकम की मांग कर रहे थे लेकिन पीहर के लोग उनकी इस मांग को पूरा नहीं कर पा रहे थे। पीहर के लोगों को किसी के माध्यम से बीती 5 मार्च की देर रात लगभग 11 बजे रूबी की मौत की सूचना मिली तो उन्होंने घटनास्थल की ओर दौड़ लगा दी। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पुलिस भी पहुंच गयी और रूबी के शव को ग्रामीणों के माध्यम से रस्सी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को सांत्वना दी। आरोपी ससुरालिए मौके से फरार मिले। पीहर के लोगों का आरोप था कि पति गौरव, ससुर रमेश, सास बिंदो देवी और ननद कविता ने मिलकर रूबी के साथ मारपीट की, जिसके बाद उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका रूबी कश्यप का लगभग एक साल का बच्चा है। उधर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। यह हत्या है या आत्महत्या इसकी जांच बुढ़ाना पुलिस ने शुरू कर दी थी।



## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत


**परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया महिला से मारपीट के बाद मौत का आरोप**

मुजफ्फरनगर, 6 मार्च (बु.)। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गोविंदपुरी कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। महिला के परिजनों ने उसके पति व ससुराल पक्ष पर महिला की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है, जिसके बाद महिला की उपचार के दौरान मौत हुई। आक्रोशित परिजनों ने महिला के शव को थाने पर रखकर हंगामा काटा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने ससुराल पक्ष से पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर खेड़ी के रहने वाले धर्मसिंह ने तीन साल पहले अपनी बेटी रीना की शादी मन्सूरपुर थाना क्षेत्र की गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी करण के साथ की थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था, और रीना के साथ मारपीट कर दबाव बनाते। रीना के परिजनों का आरोप है कि कुछ समय पहले भी उसके साथ ससुराल पक्ष ने रीना के साथ बेरहमी से मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर घायल हो गई थी। घायल अवस्था में ही उसे उपचार के लिए पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मेरठ रैफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार की देर रात रीना की मौत की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग मंसूरपुर पहुंचे और शव को थाने ले आए। इस दौरान परिजनों ने मंसूरपुर थाने में ही रीना के शव को रखकर हंगामा-प्रदर्शन किया, जिस कारण काफी देर तक थाने में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। बाद में पुलिस के समझाने पर परिजन शांत हुए। शुक्रवार को महिला के पिता धर्म सिंह की तहरीर पर पुलिस ने पति करण, ससुर सतपाल, सास प्रेमो, ननद करिश्मा और जेठ अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## किशोर को सांप ने काटा

मुजफ्फरनगर, 6 मार्च (बु.)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के 13 वर्षीय किशोर को सांप ने काटा, गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में किया गया भर्ती। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट निवासी 13 वर्षीय किशोर अदनान पुत्र इरफान को घर में



ही सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद जैसे ही बच्चे ने शोर मचाया तो परिवार के लोग इकट्ठा हो गए और हाथोंहाथ लाठी-डंडों से सांप को मार दिया गया । गंभीर हालत में किशोर अदनान को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरन्त उपचार देकर उसे बचा लिया।






# बच्चे के डायपर फेंकने को लेकर मल्हूपुरा में चले लाठी-डंडे

मुजफ्फरनगर, 6 मार्च (बु.)। शुक्रवार की शाम मल्हूपुरा में दो पक्षों में उस समय जबरदस्त विवाद हो गया जब एक पक्ष दूसरे पक्ष





के मकान के आगे बच्चे के डायपर पड़ौसी द्वारा फेंके जा रहे थे। बताया जाता है कि कई दिल से एक पक्ष अपने बच्चे के डायपरों को सड़क पर ही फेंक देता था, जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने कई बार इन्हें समझाने का काम भी किया। उक्त डायपर कुत्ते फाड़कर पूरी गली में बिखेर देते थे। कई बार समझाने के बाद भी जब एक पक्ष नहीं माना तो दूसरे पक्ष के सुहैल, सलमान, शाहरुख, आदिल, आरिश, मान, शादाब, आमिर सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने मिलकर इकराम पुत्र शाकिर व शाकिर पुत्र रमजानी पर लाठी-डंडों से जबरदस्त हमला कर दिया। हमले में इकराम व शाकिर दोनों घायल हो गए, जिन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां शाकिर की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया बाकी दोनों पक्षों के घायल लोगों का जिला चिकित्सालय में उपचार कराया गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की ओर से आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही थी।



